**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 18.05.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. सांसद बिष्णु पद रे ने मुख्य सचिव से ब्रुक्शाबाद और ऑस्टिनाबाद क्षेत्र के निवासियों को बुनियादी ज़रूरतें उपलब्ध कराए जाने का आग्रह किया है।
2. उद्योग निदेशालय की ओर से 'एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों' में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है।
3. अंडरग्रेजुएट मेडिकल रिसर्च को बढ़ावा देने की दिशा में अनिम्स की ओर से विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

और

4. द्वीप समूह के एक या दो स्थानों पर तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश होने की संभावना।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने प्रशासन के मुख्य सचिव से पत्र लिखकर ब्रुक्शाबाद और ऑस्टिनाबाद क्षेत्र के निवासियों को, सड़क, पीने का पानी और बिजली जैसी बुनियादी ज़रूरतें तत्काल उपलब्ध कराए जाने का आग्रह किया है। सांसद ने मुख्य सचिव से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर संबंधित विभागों को इन मुद्दों का शीघ्र समाधान करने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक पानी की स्थायी व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक प्रभावित निवासियों को पानी के टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाए ताकि जनहित में तत्काल और सकारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

<><><><><><><>

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वीडन के सर्वोच्च सम्मान, रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, कमांडर ग्रैंड क्रॉस से सम्मानित किए जाने पर शुभकामनाएं दी हैं। श्री गोयल ने कहा कि यह राष्ट्रीय गौरव का क्षण है कि प्रधानमंत्री को दिया गया 31वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान श्री मोदी के प्रति वैश्विक प्रशंसा और नेतृत्व में भारत के प्रति बढ़ते सम्मान को दर्शाता है।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय, की ओर से शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए 'एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों' में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमें सिलाई और वस्त्र निर्माण, बेंत और बांस हस्तशिल्प, बढ़ईगीरी और सामान्य इंजीनियरिंग जैसे विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। डिगलीपुर केंद्र सिलाई और वस्त्र निर्माण, सामान्य इंजीनियरिंग और बढ़ईगीरी में पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा। लिटिल अंडमान में, सामान्य इंजीनियरिंग और बढ़ईगीरी में प्रशिक्षण उपलब्ध होगा, जबकि कार निकोबार में सिलाई और वस्त्र निर्माण, बढ़ईगीरी, जूट और जूट उत्पाद, तथा सामान्य इंजीनियरिंग में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवार जिनकी आयु 15 से 45 वर्ष के बीच हो तथा द्वीप समूह का स्थानीय प्रमाण पत्र धारक हो, वे इसके लिए पात्र होंगे। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उम्मीदवारों को 1000– रुपये का मासिक वजीफा प्रदान किया जाएगा। प्रवेश के लिए फॉर्म जारी करने की प्रक्रिया कल से प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, उद्योग निदेशालय और विभाग के विस्तार कार्यालयों में शुरू हो चुकी है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून है। अधिक जानकारी के लिए, आवेदक संबंधित उद्योग संवर्धन अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन, राष्ट्रीय दिशा–निर्देशों के अनुरूप, टीबी मुक्त भारत अभियान–100 दिवसीय अभियान को सक्रिय रूप से लागू कर रहा है। जिसके मुख्य उद्देश्य संवेदनशील आबादी वाले क्षेत्रों में चेस्ट एक्स–रे और तत्काल जांच के माध्यम से सक्रिय स्क्रीनिंग कर, टीबी के सभी छूटे हुए मामलों की जल्द पहचान करना, व्यक्तिगत रोगी देखभाल, पोषण संबंधी सहायता और नियमित उपचार के माध्यम से टीबी से संबंधित मौतों में कमी लाना है। विभाग ने टी बी से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए आम जनता से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं।

इस दिशा में दक्षिण अंडमान जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी टीबी का शीघ्र निदान, उपचार, समय पर जाँच, इलाज का महत्व, सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी, खाँसते या छींकते समय बरती जाने वाली सावधानियाँ, टीबी से जुड़े भ्रम और सामाजिक भेदभाव को दूर करना, निक्षय मित्र सहायता जैसे विषयों पर रील बना सकते हैं। जो 30 मई तक जमा किए जा सकते हैं। विजेताओं को नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडरग्रेजुएट मेडिकल रिसर्च को बढ़ावा देने की दिशा में अनिम्स ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। अनिम्स के निदेशक डॉ. मुकेश त्रिपाठी ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और शॉर्ट टर्म स्टूडेंट्सशिप रिसर्च फेलोशिप प्रोग्राम के तहत छात्रों को रिसर्च प्रस्ताव तैयार करने की प्रकिया से अवगत कराने के लिए एक विशेष कार्यशाला और हैंड्स ऑन ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया ताकि उन्हें एक प्रतिस्पर्धी ICMR शॉर्ट टर्म स्टूडेंट्सशिप रिसर्च प्रस्ताव का मसौदा तैयार करने की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया जा सके। कार्यकम का उद्देश्य अंडरग्रेजुएट स्तर से ही रिसर्च–उन्मुख संस्कृति को बढ़ावा देना , और क्षमता–निर्माण के केंद्र के रूप में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की लगातार भूमिका को और मज़बूत करना है।

<><><><><><>

द्वीप समूह के एक या दो स्थानों पर तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी जिसके बढ़कर साठ किलोमीटर होने की संभावना है। मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे इक्कीस मई तक समुद्र में न जाएं। श्री विजय पुरम बंदरगाह पर खतरे का संकेत नम्बर तीन लगा दिया गया है।

<><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से मरीना पार्क स्थित जलक्रीड़ा परिसर में अबरडीन युद्ध स्मारक पर ग्रेट अंडमानी लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जो 17 मई, 1859 को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों और ग्रेट अंडमानी लोगों के बीच लड़े गए युद्ध में शहीद हुए थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, ग्रेट अंडमानी समुदाय के सदस्यों और आम जनता द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

<><><><><><>

द्वीप समूह ने समावेशी शिक्षा और समावेशी समाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षकों के सहयोग से दिव्यांग व्यक्तियों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए मॉडल और शिक्षण–अधिगम सामग्री की प्रदर्शनी पर आधारित एक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए, समग्र शिक्षा केंद्र की निदेशक सुमिथामोल एस. ने किया। उन्होंने समावेशी शिक्षा में नवीन शिक्षण विधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में अभिभावकों, और दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। प्रदर्शनी के दौरान, प्रशिक्षु शिक्षकों ने दिव्यांग बच्चों को शिक्षा,

वैचारिक अधिगम और दैनिक जीवन कौशल के क्षेत्र में इन मॉडलों और शिक्षण अधिगम सामग्री की उपयोगिता को विस्तार से समझाया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत अनुबंध के आधार पर सागर मित्र की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन पत्र प्रशासन की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मई है। अधिक जानकारी के लिए, क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

चिन्ते फायरिंग रेंज में सेना द्वारा छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास इक्कीस मई को सुबह साढ़े नौ बजे, दोपहर एक बजे, दो बजे, शाम पांच बजे, साढ़े पांच बजे और साढ़े सात बजे तक होगा। आम जनता से इस दौरान फायरिंग रेंज से खुद को और अपने पशुओं को दूर रखने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश ने एक दिन में रिकॉर्ड 256 दशमलव 4 गीगावॉट बिजली की मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। श्री जोशी ने बताया कि भारत का बिजली ढांचा अब पहले से ज्यादा मजबूत, भरोसेमंद और भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार हो गया है।

<><><><><><><>